# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## Final Examination (10 March 2026)
## Subject - Hindi
## Class - VI (SET - A)

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

(भाग-क) पठन

**प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:** (5)

हर नया दिन व्यक्ति के लिए एक नई आशा लेकर आता है। भोर का आगमन ही अत्यंत शानदार होता है। सूरज धीरे-धीरे आकाश पर प्रकट होना आरंभ करता है। उसकी किरणें धरती को चूमने को उतावली रहती हैं। पेड़, पत्ते, फूल इन किरणों को गले लगाने को उद्यत होते हैं। वातावरण में नई ऊर्जा, नए उत्साह का संचार होता है। पक्षी दाना चुगने के लिए अपना घोंसला छोड़ देते है। उनकी चहचहाहट मानव-मन में अनुपम रस घोलती है।

बच्चों की मासूम खिलखिलाहट एक आनंददायक अनुभूति प्रदान करती है। नई सुबह हर व्यक्ति को अपने सपने पूरे करने का अवसर प्रदान करती है। हमें भी हर नई सवेर का स्वागत मधुर मुसकान से करना चाहिए।

क) हर नया दिन व्यक्ति के लिए क्या लेकर आता है?
   1) नया काम 2) नई आशा 3) नई समस्या 4) नई उलझन

ख) सूरज की किरणों को गले लगाने को कौन उत्सुक होता है?
   1) पेड़ 2) पत्ते 3) फूल 4) तीनों सही हैं

ग) पक्षी (सुबह-सवेरे) अपना घोंसला क्यों छोड़ देते हैं?
   1) दाना चुगने के लिए 2) अंडे देने के लिए 3) अंडे सेने के लिए 4) उड़ने के लिए

घ) हमें हर नई सवेर का स्वागत कैसे करना चाहिए?
   1) ज़ोर-शोर से 2) मधुर मुसकान से 3) उदास मन से 4) गंभीरता से

ङ) बच्चें की मासूम खिलिखिलाहट क्या प्रदान करती है?
   1) आहट 2) आनंददायक अनुभूति 3) अवसर 4) सुबह

(भाग-ख) व्यावहारिक व्याकरण

**प्र2क) उचित शब्द से खाली स्थान भरें:** (1)

.............. के मेल से बनी सार्थक रचना शब्द कहलाती है। (वर्णो/ व्यंजनों)

**ख) कोई दो तत्सम शब्द छाँटें:** (1)
   1) गृह 2) पोता 3) अग्नि 4) रात

ग) सेब, नेवला, चिड़िया, घोंसला आदि शब्द क्या है? (सार्थक शब्द या निरर्थक शब्द) (1)

**प्र3. निम्नलिखित वाक्यों से उद्देश्य व विधेय को अलग कीजिए:** (3)

क) मज़दूर काम कर रहे हैं।

ख) हरीश चटाई पर बैठ कर योग करता है।

ग) मेज़ पर पुस्तकें रखी हैं।

A-1

Scanned with OKEN Scanner

प्र12क) ...
ख) ...

प्र4क) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के भेद का नाम बताएँः (2+1)

1) सड़क पर पत्थर पड़ा है।

2) घोड़ा दौड़ रहा है।

ख) इनमें से कौन-सा शब्द क्रिया है?

1) उन्होंने 2) हरियाली 3) तोड़ना 4) आकर्षक

प्र5क) निम्नलिखित वाक्यों में काल का भेद पहचानकर नाम बताएँः (2+1)

1) ठंडी-ठंडी हवा चल रही है।

2) मेघा यह कार्य आज नहीं, कल कर लेगी।

ख) उचित शब्द से रिक्त स्थान भरिए :

व्याकरण में काल का अर्थ ........... होता है। (क्रिया/ क्रिया का समय)

प्र6. उचित अविकारी शब्द से रिक्त स्थान भरिएः (3)

(उफ!, के आगे, कल)

क) सोहन ने .............. मुझे फोन नहीं किया था।

ख) इस कोठी ............... काफी बड़ा मैदान है।

ग) ........... आज तो सरदी ने सारे रिकार्ड ही तोड़ दिए है।

प्र7. संधि कीजिए (कोई चार करें): (2)

नर+ईश, महा+ऋषि, सदा+एव, परम+औषध, कमला+ईश्वर

प्र8. निम्नलिखित समस्त पदों का समास-विग्रह कीजिए तथा समास का भेद बताएँः (3)

(कोई तीन)

क) राजा-रानी, धनहीन, ठंडा-गरम, आपबीती

प्र9. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का जिस अर्थ में प्रयोग किया गया है, उसे लिखिएः (2+1)

1क) माँ ने अपने प्यारे <u>लाल</u> के लिए खिलौना खरीदा।

ख) पहले ज़माने में <u>पत्र</u> द्वारा ही हाल-चाल मिल पाता था।

2) 'अंबर' शब्द के दो अलग-अलग अर्थ लिखिए-

प्र10. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिएः (4)

क) सूर्योदय हो रही है।

ख) इस कागज़ पर अपना हस्ताक्षर कर दीजिए।

ग) किताब पर नहीं लिखो।

घ) बादल छा गई, अब बारिश होगा।

प्र11. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिएः (3)

नीरस, लायक, मानव, थोड़ा, ज्ञानी, अनुकूल

A-2

Scanned with OKEN Scanner

2+1)

प्र12क) निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो नए शब्द बनाएँ: (कोई , दो) (2+1)

गर, कार, ता

ख) 'अपनापन' शब्द में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग-अलग करके लिखें:

प्र13क) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए: (2+1)

1) बाप रे इतना बड़ा साँप

2) यह प्रतियोगिता कौन जीतेगा

ख) निम्नलिखित विराम चिह्न का नाम बताएँ:

( , )

प्र14क) निम्नलिखित मुहावरों के वाक्य बनाएँ: (कोई 2) (2+2)

घी के दीये जलाना, खून सफेद हो जाना, बाएँ हाथ का खेल होना

ख) उचित मिलान कीजिए:

| | |
|---|---|
| क) हाथ-पाँव मारना | 1) बुरी तरह हराना |
| ख) झाड़ू फिरना | 2) बहुत कोशिश करना |
| ग) छाती पर साँप लोटना | 3) सब बरबाद हो जाना |
| घ) छक्के छुड़ाना | 4) ईर्ष्या करना |

## (भाग-ग) पाठ्य पुस्तक

प्र15. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई चार) (2)

परवाह, हित, कर्तव्य, विपत्ति, शीश

प्र16. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (कोई 3) (3)

सोसाइटी, माहौल, उपस्थित, प्रबंध

प्र17. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए: (कोई पाँच) (5×1=5)

क) 'पड़ोसी मिलन कार्यक्रम' के आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्या था?

ख) 'अपनी-अपनी समझ' कविता में फसल कब काटी जाती है?

ग) पहले भक्त की असफलता का मुख्य कारण क्या था?

घ) दीवान पद के चुनाव का कार्यभार सुजान सिंह को उनकी किस खूबी के कारण दिया होगा?

ङ) प्रेम की तुलना धागे से क्यों की गई है?

च) धर्म किसे कहते हैं?

प्र18.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दीजिए- (कोई तीन) (3×2=6)

क) 'जहाँ लोभ है वहाँ पाप है।' सिद्ध कीजिए।

ख) सरदार सुजान सिंह ने उम्मीदवारों की परख के लिए किस प्रकार की चुनौती पेश की?

ग) अच्चे पड़ोसी किसे कहते हैं? एक अच्छे पड़ोसी में कौन-कौन से गुण होते हैं?

घ) चनों का सही उपयोग करने के लिए दूसरे भक्त ने कौन-सी क्रियाएँ की?

A3

Scanned with OKEN Scanner

प्र19.पठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए:(4)

ये घटना रवि के दिमाग में कई सवाल उठा रही थी। उसने अपने माता-पिता से कहा, "आपने देखा कि शर्मा अंकल गिर गए थे और कोई भी उनकी मदद के लिए नहीं आया जबकि आस-पास कई लोग रहते है।"

पिता जी गंभीरता से बोले, "हाँ बेटा, इन पर मैने भी ध्यान दिया। यह बहुत दुख की बात है कि इस सोसाइटी के लोग इनते व्यस्त रहते है कि दूसरों की परवाह नहीं करते। यहाँ लोगों को घर के नंबर से जाना जाता है, उनके नाम से नहीं।"

सोनू जोश में बोला, "हमें कुछ करना चाहिए ताकि लोग एक-दूसरे की मदद करें और एक अच्छे पड़ोसी बनें।"

क) आपके सामने अगर कोई मुसीबत में हो तो आप क्या करोगे?

1) अनदेखा 2) मदद 3) कुछ नहीं करोगे 4) लापरवाही

ख) हमें कैसे पड़ोसी बनना चाहिए?

1) गैर जिम्मेदार 2) झगड़ालू 3) अच्छे और जिम्मेदार 4) लापरवाह

ग) आजकल की सोसाइटी में लोगों को कैसे जाना जाता है?

1) घर के नंबर से 2) फोन नंबर से 3) उनके नाम से 4) गाड़ी या कार से

घ) अच्छे पड़ोसी बनने के लिए हमें क्या प्रयास करने चाहिए?

1) एक-दूसरे से मिलना 2) बातचीत न करना 3) जान-पहचान बढ़ाना 4) 1 और 3 दोनों

(खण्ड-घ) लेखन

प्र20. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें: (5)

मेरे स्कूल की फुलवारी

अथवा

गरमी के मौसम में झमाझम बारिश वाला दिन

प्र21. निम्नलिखित औपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए। (5)

चोटिल होने के कारण प्रधानाचार्य जी को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखें।

अथवा

खुले में कूड़ा फेंकने वाले लोगों की शिकायत करते हुए अपने सेक्टर-70 के अध्यक्ष को पत्र लिखें।

प्र22. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए: (5)

'काश! हमारे पास भी पंख होते ........' विषय पर दो बच्चों की बातचीत।

अथवा

आदमी के दुर्व्यवहार से दुखी दो पेड़ों की बातचीत।

A-4

Scanned with OKEN Scanner